# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 13.12.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

1. राष्ट्र आज संसद आतंकी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों ने संसद भवन में शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की।
2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को जॉर्डन की यात्रा पर रवाना होंगे।
3. द्वीप समूह में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन–राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने द्वीपवासियों को संबोधित किया।
4. हवाई अड्डा प्राधिकरण की ओर से आज कोहरे की स्थिति में सुरक्षित और सुचारू विमान संचालन के लिए 'फॉग–तैयारी बैठक' का आयोजन किया गया ।

<><><><><><><>

राष्ट्र आज संसद आतंकी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। तेरह दिसंबर दो हजार एक को आज ही के दिन सुरक्षाकर्मियों ने संसद की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, जितेंद्र सिंह, किरेन रिजिजू और अर्जुन राम मेघवाल ने संसद भवन में शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और अन्य सांसदों ने भी शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज संसद हमले के बहादुर सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि देश शहीदों और उनके परिवारों का सदा ऋणी रहेगा। राष्ट्रपति ने आतंकवाद के सभी रूपों से लड़ने के भारत के दृढ़ संकल्प को भी दोहराया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश उन सभी वीर जवानों को याद कर रहा है, जिन्होंने वर्ष दो हजार एक में संसद पर हुए जघन्य हमले में प्राणों की आहूति दी। देश उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए सदैव कृतज्ञ रहेगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को जॉर्डन की यात्रा पर रवाना होंगे। उनकी यह यात्रा जॉर्डन नरेश अब्दुल्ला द्वितीय बिन अल हुसैन के निमंत्रण पर हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी की यह पहली पूर्ण यात्रा दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के पचहत्तरवें वर्ष के अवसर पर हो रही है। नई दिल्ली और अम्मान के बीच निरंतर उच्च स्तरीय राजनीतिक जुड़ाव बढ़ रहा है। इस यात्रा में राजनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग की प्रगति की समीक्षा किए जाने की उम्मीद है, जिसमें विशेष रूप से पश्चिम एशिया में क्षेत्रीय स्थिरता पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। भारत और जॉर्डन के बीच नियमित रूप से नेतृत्व और संस्थागत संवाद के माध्यम से वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर गहन समन्वय जारी है। इस यात्रा से सहयोग को और मजबूत करने तथा शांति, सुरक्षा और विकास पर साझा दृष्टिकोण की पुष्टि होने की उम्मीद है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के प्रशासनिक सुधार एवं प्रशिक्षण शाखा की ओर से "वेतन निर्धारण, MACP और RTI" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का कल समापन हो गया। सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबंधन संस्थान, नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशासन के 'अमलगमेटेड क्लेरिकल कैडर' के कर्मचारियों के कार्य क्षमता को सुदृढ़ करना था। समापन सत्र की अध्यक्षता उप सचिव (गृह, सतर्कता, श्रम), शैलजा ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में सतत क्षमता निर्माण के महत्व पर जोर दिया। ISTM, नई दिल्ली के उप निदेशक विजय कुमार केशरी और सेवानिवृत्त उप–निदेशक नफे सिंह ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार द्वीप समूह में आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन अत्यंत सफलता के साथ सम्पन्न हुआ। नेताजी स्टेडियम में आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने विशेष अतिथि के रूप में भारी संख्या में आए द्वीपवासियों को सम्बोधित किया। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि हमारे पास सत्य है लेकिन शक्ति का अभाव है और विश्व शक्ति को ही सत्य मानता है। रामचरित मानस में भी कहा गया है कि समरथ को नहीं दोष गोसाई। अब समय आ गया है कि जब भारत के लोग संगठित होकर नए भारत का निर्माण करें। उन्होंने देश, धर्म, पर्यावरण, जल तथा समाज के संरक्षण के विषय पर अपने बहुमूल्य विचार साझा किए। कार्यक्रम की शुरुआत में चिन्मय मिशन के स्वामी शुद्धानंद सरस्वती ने उनका शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. मोहन भागवत ने सभी उपस्थित लोगों को प्रेरित किया और धर्म, संस्कृति और राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति एक नई जागरुकता का संचार किया।

<><><><><><>

हवाई अड्डा प्राधिकरण की ओर से आज आगामी शीतकालीन मौसम के दौरान कोहरे की स्थिति में सुरक्षित और सुचारू विमान संचालन सुनिश्चित करने के लिए एक 'फॉग–तैयारी बैठक' का आयोजन किया। बैठक में ग्राउंड हैंडलिंग एजेंसियां, सीआईएसएफ, सीएनएस और परिचालन विभाग के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी हितधारकों को हवाई अड्डे के 'फॉग मैनेजमेंट प्लान' के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसमें प्रत्येक एजेंसी की भूमिका, समन्वय तंत्र और संचार प्रोटोकॉल पर चर्चा की गई। इस दौरान एयरफील्ड लाइटिंग, इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम, RVR उपकरण और नेविगेशनल एड्स जैसे महत्वपूर्ण उपकरणों की तैयारी की समीक्षा की गई। इस अवसर पर हवाई अड्डा निदेशक, मुनीर मदंपत ने बताया कि वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा आमतौर पर घने कोहरे से प्रभावित नहीं होता है, लेकिन इसके लिए तैयारी आवश्यक है। उन्होंने अन्य प्रमुख हवाई अड्डों पर कोहरे के कारण होने वाली उड़ानों की देरी का असर इस हवाई अड्डे पर भी पड़ने की आशंका जताते हुए कर्मियों को किसी भी आकस्मिक स्थिति के लिए सतर्क रहने पर जोर दिया।

<><><><><><>

खराब मौसम के कारण जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय की स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की उनतीस नवम्बर की स्थगित सैद्धांतिक परीक्षा की समय सारणी जारी की गई है। अब यह परीक्षा सोलह दिसंबर को आयोजित की जाएंगी। विद्यार्थी अधिक जानकारी के लिए कॉलेज के परीक्षा अनुभाग से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय का उनतालीसवां दीक्षांत समारोह अगले वर्ष फरवरी में आयोजित किया जाएगा। सभी छात्र जिन्होंने दिसंबर दो हजार चौबीस और जून दो हजार पच्चीस की टर्म एंड परीक्षाओं में अपना पाठ्यक्रम पूरा कर लिया है, वे इस दीक्षांत समारोह में डिग्री, डिप्लोमा और प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पात्र हैं। दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए छात्रों को ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा। शुल्क का भुगतान केवल ऑनलाइन माध्यम से किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए इग्नू के क्षेत्रीय केन्द्र से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम में बीस और इक्कीस दिसंबर को सीनियर, जूनियर और सब–जूनियर श्रेणियों के लिए 'ओपन स्टेट कयाकिंग और कैनोइंग चैंपियनशिप' के साथ 'अस्मिता कयाकिंग और कैनोइंग लीग' का आयोजन किया जाएगा। अस्मिता लीग का उद्देश्य लैंगिक समानता को बढ़ावा देना और पूरे भारत में विभिन्न आयु वर्ग की महिला एथलीटों को प्रतिस्पर्धी अनुभव प्रदान करना है। कयाकिंग और कैनोइंग एसोसिएशन ने सभी पैडलर्स को चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए गूगल फॉर्म के माध्यम से पंजीकरण करने को कहा है। पंजीकरण के लिए एसोसिएशन की अध्यक्षा मंजू सिंह द्वारा लिंक भेजा भेजा जाएगा। प्रविष्टियाँ उन्नीस दिसंबर, तक जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसायटी में लैब तकनीशियन और परामर्शदाता के एक–एक पद पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह भर्ती अनुबंध के आधार पर किए जाएंगे। इच्छुक तथा पात्र उम्मीदवार निर्धारित आवेदन प्रारूप के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि तीस दिसम्बर है।

<><><><><><>